श्री गौतम कृष्ण, माननीय स०वि०स० से प्राप्त निवेदन सं0–702/2026 का उत्तर प्रतिवेदन।

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| सहरसा जिला के सत्तर कटैया प्रखंड अंतर्गत बिहरा वार्ड नं–11 में कहरा उपशाखा बड़ी नहर पर, रामप्रवेश राय के घर के समीप पुल का निर्माण नहीं होने के कारण स्थानीय निवासियों को आवागमन में गंभीर कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त नहर पर पुल के अभाव में क्षेत्र के कई गाँवों एवं पंचायतों के लोगों का संपर्क बाधित रहता है। विशेषकर वर्षा ऋतु एवं बाढ़ के समय स्थिति अत्यंत गंभीर हो जाती है, जिससे विद्यार्थियों को विद्यालय आने–जाने में कठिनाई होती है, मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा प्राप्त नहीं हो पाती है।<br>अतः मैं उपरोक्त पुल के निर्माण हेतु सदन के माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूँ। | वस्तुस्थिति यह है कि सहरसा जिला के सत्तर कटैया प्रखंड अंतर्गत बिहरा के वार्ड नं–11 सहरसा उप शाखा नहर के कि0मी0 64.78 के निकट स्थित है।<br>प्रश्नगत स्थल सहरसा उप शाखा नहर के कि0मी0 64.78 से अपस्ट्रीम में कि0मी0 64.32 तथा डाउनस्ट्रीम में कि0मी0 64.93 पर पूर्व से पुल निर्मित है, जो प्रश्नगत स्थल से क्रमशः 460 मी० एवं 150 मी० की दूरी पर अवस्थित है, जिससे आमजनों द्वारा सुगमतापूर्वक आवागमन किया जा रहा है।<br>विभागीय मापदंड के अनुसार जिस नहर में जल प्रवाह (150–1000) क्यूसेक है, दो पुलों के बीच की न्यूनतम दूरी 1.60 कि0मी0 होना चाहिए। विषयांकित नहर का प्रश्नगत स्थल पर रूपांकित जलश्राव 410 क्यूसेक है।<br>अतः विभागीय मापदंड के अनुसार उपरोक्त प्रश्नगत स्थल पर पुल का निर्माण अनुमान्य नहीं है। |

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(सह0)–03–28/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–1130 दिनांक–07.05.2026 के प्रसंग में निवेदन सं0–702/26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(सह0)–03–28 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(सह0)–03–28 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(सह0)–03–28 / 2026– 2795 पटना, दिनांक– 25/06/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24.06.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
24.6.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo